प्रश्नों की संख्या : 8+2 मानचित्र

..................

932

# 825 (NY)

## 2020

## सामाजिक विज्ञान

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों — क एवं ख में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों को एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।*

*(iv) प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं — बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व दीर्घ-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं ।*

*(v) क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।*

*(vi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं ।*



## खण्ड क

### (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

*निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**1.** फ्रांस में गणतंत्र की घोषणा किस वर्ष हुई ?

(अ) 1815 ई. (ब) 1830 ई.
(स) 1848 ई. (द) 1871 ई.

**2.** *'गुलामगिरी'* का लेखक कौन था ?

(अ) डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर
(ब) ज्योतिबा फुले
(स) कैलाश वाशिनी देवी
(द) रामास्वामी नैयकर

**3.** भारत वापस आने पर गाँधीजी ने पहला सत्याग्रह कहाँ किया था ?

(अ) चम्पारन (ब) बारडोली
(स) अहमदाबाद (द) खेड़ा

**4.** संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है ?

(अ) 20 (ब) 21
(स) 22 (द) 23

**5.** निम्नलिखित में से किसमें महिलाओं के लिए 'आरक्षण' सुनिश्चित है ?

(अ) विधान सभाओं में (ब) लोक सभा में
(स) पंचायती राज संस्थाओं में (द) राज्य सभा में

**6.** संविधान में उल्लिखित तीन सूचियों में से, निम्नलिखित में से कौन-सा विषय समवर्ती सूची में शामिल है ?

(अ) शिक्षा (ब) कृषि
(स) पुलिस (द) रक्षा

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

7. जर्मनी के एकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान किसका था ? जर्मन राष्ट्र का प्रथम सम्राट कौन घोषित किया गया ? *1+1*

8. गाँधीजी ने अपनी पुस्तक *'हिन्द स्वराज'* में असहयोग आन्दोलन के पक्ष में क्या तर्क दिया ? *2*

9. यदि सत्तारूढ़ दल धर्म को शासन का आधार मानता है, तो उससे क्या हानि होगी ? दो तर्क दीजिए । *1+1*

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

10. साइमन कमीशन की रिपोर्ट से काँग्रेस क्यों असन्तुष्ट थी ? काँग्रेस ने किस नई नीति की घोषणा की ? *1+2*

अथवा

पूना पैक्ट पर किसके हस्ताक्षर हुए ? उसकी दो शर्तें लिखिए । *1+2*

11. जाति पर आधारित 'निर्वाचन' होने में क्या हानियाँ हैं ? किन्हीं दो हानियों का उल्लेख कीजिए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

**अथवा**

दबाव समूह और राजनीतिक दल में क्या अन्तर है ? समझाकर लिखिए । दबाव समूह का एक उदाहरण दीजिए । *2+1*



## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

12. छापेखाने (प्रिंटिंग प्रेस) के आविष्कार से समाज पर क्या प्रभाव पड़ा ? किन्हीं तीन बिंदुओं पर प्रकाश डालिए । *2+2+2*

**अथवा**

अंग्रेज़ शासकों ने भारत के 'कपड़ा उद्योग' को कैसे नष्ट किया ? उसके द्वारा अपनाए गए तरीकों में से किन्हीं दो पर प्रकाश डालिए । इसका बुनकरों पर क्या प्रभाव पड़ा ? 2+2+2

13. लोकतांत्रिक शासन प्रणाली से होने वाले कोई चार लाभ लिखिए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

**अथवा**

राजनीतिक दलों के कोई चार कार्य लिखिए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

## (मानचित्र-कार्य)

14. निम्नलिखित स्थानों को **भारत** के दिए गए रेखा-मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है ।

   (i) वह स्थान जहाँ सितम्बर 1920 में काँग्रेस अधिवेशन हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

   (ii) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



https://www.evidyarthi.in/

(iii) वह स्थान जहाँ 1927 में काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ 1929 में काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) सितम्बर 1920 में काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? 1

(ii) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कहाँ हुआ था ? 1

(iii) 1927 में काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? 1

(iv) सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह कहाँ हुआ था ? 1

(v) 1929 में काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? 1



## खण्ड ख

### (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

*निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा नवीकरणयोग्य संसाधन ***नहीं*** है ? 1

(अ) पवन ऊर्जा (ब) जल

(स) जीवाश्म ईंधन (द) वन

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सी रेशेदार फ़सल है ? 1

(अ) गन्ना (ब) चाय

(स) रबर (द) जूट

**17.** अर्थव्यवस्था के सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रक निम्नलिखित में से किस आधार पर विभाजित किए गए हैं ? 1

(अ) रोज़गार की शर्तों पर

(ब) आर्थिक गतिविधि के स्वभाव पर

(स) उद्यमों के स्वामित्व पर

(द) उद्यम में नियोजित श्रमिकों की संख्या पर

**18.** झरिया प्रसिद्ध है 1

(अ) लौह-अयस्क के लिए (ब) कोयला के लिए

(स) ताँबा के लिए (द) बॉक्साइट के लिए

**19.** लाल-पीली मिट्टी पाई जाती है 1

(अ) दक्कन के पठार में (ब) मालवा प्रदेश में

(स) ब्रह्मपुत्र घाटी में (द) थार रेगिस्तान में

**20.** निम्नलिखित देशों में से किस देश का मानव विकास सूचकांक (2016) के अनुसार भारत से अधिक ऊँचा स्थान है ? 1

(अ) श्री लंका (ब) बांग्लादेश

(स) पाकिस्तान (द) नेपाल

(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. प्रच्छन्न (छिपी हुई) बेरोज़गारी से आप क्या समझते हैं ? 2

22. किन्हीं दो राज्यों के नाम बताइए जहाँ काली मिट्टी पाई जाती है । इस मिट्टी पर मुख्य रूप से कौन-सी फ़सल उगाई जाती है ? 1+1

23. औपचारिक तथा अनौपचारिक ऋणों में कोई दो अन्तर लिखिए । 1+1

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. धात्विक खनिज किसे कहते हैं ? ऐसे दो खनिजों के नाम लिखिए । $2+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

अथवा

ऊर्जा के परम्परागत स्रोत किसे कहते हैं ? भारत में खनिज तेल के दो क्षेत्रों के नाम दीजिए । $2+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

25. अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों की किन्हीं तीन समस्याओं का उल्लेख कीजिए । 1+1+1

अथवा

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005 (मनरेगा) के उद्देश्य लिखिए । 3

(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. पर्यावरण प्रदूषण से आप क्या समझते हैं ? उद्योग हमारे पर्यावरण को कैसे प्रदूषित करते हैं ? 3+3

अथवा

निम्नलिखित प्रत्येक का वर्णन लगभग 40 शब्दों में कीजिए : 2+2+2

(अ) स्वर्णिम चतुर्भुज महाराजमार्ग
(ब) राष्ट्रीय राजमार्ग
(स) राज्य राजमार्ग

27. व्यापार और निवेश नीतियों का उदारीकरण, वैश्वीकरण प्रक्रिया की किस प्रकार सहायता करता है ? 6

अथवा

उपभोक्ता जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए । 6



(मानचित्र-कार्य)

*निर्देश : भारत के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए ।*

28. (i) राणा प्रताप सागर बाँध ☐ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) चाय उत्पादन का एक क्षेत्र (∴) चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) लौह-इस्पात उद्योग का एक केन्द्र Δ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) राँची नगर ◎ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) नर्मदा नदी ⟨ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) राणा प्रताप सागर बाँध किस नदी पर बना है ? 1

(ii) चाय उत्पादक दो राज्यों के नाम बताइए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) लौह-इस्पात उद्योग के किसी एक केन्द्र का नाम लिखिए । 1

(iv) राँची नगर किस राज्य में है ? 1

(v) नर्मदा नदी कहाँ गिरती है ? 1



https://www.evidyarthi.in/